# कार्यालय जिलाधिकारी अम्बेडकरनगर

पत्रांक- 3329 ई-आफिस / JJM / 2026-27/ 410 दिनाँक- 21/05/2026

## जिला पेयजल स्वच्छता समिति की समीक्षा बैठक की कार्यवृत्ति-

दिनाँक-14.05.2026 को जिलाधिकारी महोदया द्वारा मुख्य विकास अधिकारी, डी0एफ0ओ0, डी0डी0ओ0, सहायक अभियन्ता सिंचाई विभाग, मुख्य चिकित्साधिकारी के प्रतिनिधि एवं जिला कृषि अधिकारी के साथ जिला सभागार में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक की गयी। जिसमें अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) के साथ समस्त AE/JE, TPI, DPMU व दोनो फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

**समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी महोदया द्वारा उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं VTL व वैलस्पन के प्रो0 मैनेजर को निम्न निर्देश दिये गये –**

1- टी0पी0आई0ए0 द्वारा दोनो फर्मो मेसर्स विंध्या टेलीलिंक्स लि0 गाजा-इंजीनिरिंग प्रा0 लि0 जेवी0 और मेसर्स वैलस्पन इण्टरप्राइजेज एवं कावेरी इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0 लि0(जे0वी0) द्वारा किये गये रोड-रेस्टोरेशन कार्य/निर्माण कार्य की गुणवत्ता, गृह जल संयोजन आदि कि जाँच करके प्रतिदिन मुख्य विकास अधिकारी को आख्या प्रस्तुत करें।

2- दोनो फर्मो मेसर्स विंध्या टेलीलिंक्स लि0 गाजा-इंजीनिरिंग प्रा0 लि0 जेवी0 और मेसर्स वैलस्पन इण्टरप्राइजेज एवं कावेरी इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0 लि0(जे0वी0) द्वारा निर्मित किये गये शिरोपरी जलाशय जिनमें वर्तमान में जलापूर्ति नहीं हो रही है, उसमें अतिशीघ्र जलापूर्ति किया जाना सुनिश्चित करें।

3- दोनो फर्मो मेसर्स विंध्या टेलीलिंक्स लि0 गाजा-इंजीनिरिंग प्रा0 लि0 जेवी0 और मेसर्स वैलस्पन इण्टरप्राइजेज एवं कावेरी इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0 लि0(जे0वी0) एवं जल निगम (ग्रामीण) के समस्त ब्लाक के सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर समन्वय स्थापित करके शेष 120 नग राजस्व ग्रामों का 'हर घर जल' सर्टिफिकेशन का कार्य 'गंगा दशहरा' तक पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें।

4- दोनो फर्मो मेसर्स विंध्या टेलीलिंक्स लि0 गाजा-इंजीनिरिंग प्रा0 लि0 जेवी0 और मेसर्स वैलस्पन इण्टरप्राइजेज एवं कावेरी इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0 लि0(जे0वी0) द्वारा पाइपलाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़को का अवशेष रोड-रेस्टोरेशन का कार्य माह-मई-2026 के अन्त तक कराया जाना सुनिश्चित करें एवं क्षतिग्रस्त सड़कों की पेयजल योजना की ब्लाकवार डाटा तैयार कर मुख्य विकास अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित करें।

5- अवगत कराया गया कि पेयजल योजनाओं के जल स्रोतो की स्थिरता पर समीक्षा की गयी एवं करौंदी मिश्र पेयजल योजना के स्रोत की स्थिरता के आँकलन रिपोर्ट में पेयजल स्रोत स्थिर पायी गयी। इसी के आधार पर अवशेष 672 नग पेयजल योजनाओं के पेयजल जल स्रोत की स्थिरता रिपोर्ट तैयार किया गया एवं तद्दानुसार सभी जल स्रोत स्थिर पाये गये।

6- समीक्षा बैठक के विवरण पत्र के अवलोकन से स्पष्ट हुआ कि VTL फर्म द्वारा 12 नग पेयजल योजनाओं पर अभी तक शिरोपरी जलाशय का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है। इस कार्य की समीक्षा करके यथाशीघ्र कार्य प्रारम्भ कराया जाना सुनिश्चित करें।

7- O&M हेतु प्रेषित पेयजल योजनाओं का जिनका सत्यापन जिला पंचायती राज विभाग से किया जाना अवशेष है उसे यथाशीघ्र कराना सुनिश्चित करें।

8- IGRS एवं JJM हेल्पलाइन पोर्टल से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण दोनों फर्म गुणवत्तापूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें।

उपरोक्त निर्देश के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

Digitally signed by
EESHA PRIYA
Date: 20-05-2026
11:23:10

(ईशा प्रिया)
जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
अम्बेडकरनगर

**प्रतिलिपि-निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-**

1. अधिशासी निदेशक राज्य पेय जल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय अम्बेडकरनगर को सूचनार्थ।
3. डी0पी0आर0ओ0 अम्बेडकरनगर।
4. अधिशाषीअभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) अम्बेडकरनगर।
5. AE/JE जल निगम ग्रामीण को इस आशय के साथ कि निर्देशित सभी बिन्दुओं का अक्षरसः अनुपालनार्थ।
6. दोनों फर्म वेलस्पन एवं VTL कम्पनीअम्बेडकरनगरको अनुपालनार्थ हेतु प्रेषित।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
अम्बेडकरनगर

Scanned with OKEN Scanner